अर्बन95 ग्लोबल टीम ने शहर को “चाइल्डफ्रेंडली” बनाने की देखी संभावनाएं

अर्बन95 नीदरलैंड से आये विषय विशेषज्ञों ने शहर का किया दौरा

नगर निगम द्वारा बर्नार्ड वेन लीयर फाउंडेशन और इकली- साउथ एशिया तथा इकोरस इंडिया के सहयोग से शहर को बच्चों के लिए सहज, सुन्दर, सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही “अर्बन 95” परियोजना के अंतर्गत नीदरलेंड्स से आई तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने शहर का दौरा किया। ११ -११ अगस्त को आयोजित इस दौरे के दौरान टीम ने शहर के उद्यानों, सड़कों, आंगनवाड़ी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों आदि का जायजा लिया।

बर्नार्ड वेन लीयर फाउंडेशन, नीदरलैंड्स से विक्टोरिया और लौरा ओकोवा फोस्चिनी ने अपने १ दिवसीय दौरे में विभिन्न स्थानों को देखा और सम्बंधित जानकारी ली। इस दौरे का उद्देश्य शहर को बच्चों के लिए बेहतर बनाने तथा उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर “चाइल्ड फ्रेंडली- लाईट हाउस सिटी” के रूप में पहचान दिलाने को लेकर तकनीकी सुझाव देना था।

पहले दिन टीम ने गुलाब बाग़ स्थित लोटन मगरी और हाथी वाला पार्क विजिट किया। यहाँ प्रस्तावित “चाइल्ड सेंसरी पार्क” से सम्बंधित तकनीकी पहलू समझे और अपने सुझाव दिए। युगल टाक ने टीम को यहाँ बनने वाले सेंसरी पार्क के प्रस्तावित एलिमेंट्स और इनके जगहें बताई। ग्लोबल टीम ने सेंसरी पार्क के लिए स्थान की बनावट को सही बताया।

इसके पश्चात भीतरी शहर के नाइयों की तलाई चौक को देखा। यहाँ पूर्व में अर्बन95 द्वारा किये गए कार्यों के परिणामों को समझा। टीम सदस्यों ने यहाँ स्थानीय निवासियों से बात करते हुए काम के पश्चात लोगों के व्यवहार में आये परिवर्तन को समझने की कोशिश की। स्थानीय निवासियों ने बताया

कि लोगों ने अपने वाहन सही से निर्धारित स्थान पर लगानना आरम्भ किये तो बच्चों के खेलने की पर्याप्त जगह निकल कर सामने आई और उसका सही उपयोग बढ़ा।

तत्पश्चात टीम ने अशोक नगर स्थित हनुमान पार्क और वाचनालय का निरीक्षण किया। इस क्षेत्र को इस वर्ष बच्चों के लिए “चाइल्ड फ्रेंडली नेबरहुड” के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। टीम सदस्य अब्बास किकाली ने क्षेत्र की चुनौतियों और उसे कम करते हुए क्षेत्र को बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए सहज, सुन्दर और सुरक्षित बनाने के लिए प्रस्तावित उपायों पर बात की। टीम ने अशोक नगर की बसावट को समझते हुए अपने सुझाव भी दिए।

दूसरे दिन टीम द्वारा नीमचखेड़ा क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अपना जतन केंद्र बाल गृह, विद्या भवन मार्ग और पड़ोसी क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए स्थानीय अभिभावकों से मुलाकात की गयी। इस दौरान टीम द्वारा सहेली मार्ग और सुखाड़िया सर्किल का भी भ्रमण किया गया और इसे बच्चों के लिए आदर्श मार्ग के रूप में विकसित करने सम्बन्धी सुझाव दिए गए।

तकनीकी सत्रों में मिले महत्वपूर्ण सुझाव: निगम परिसर स्थित स्मार्ट सिटी हाल में आयोजित कार्यशाला में शहर में हो रहे विभिन्न नवाचारों और प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स सम्बन्धी प्रस्तुति अर्बन95 और पैरेंट+ टीम द्वारा दी गयी। पहले चरण में शहर में प्रस्तावित चाइल्ड सेंसरी पार्क, चाइल्ड फ्रेंडली सडकें और चौराहे, आधुनिक चाइल्ड फ्रेंडली आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सम्बंधित तकनीकी और व्यवहारिक पाकों पर प्रस्तुति दी गयी। दूसरे चरण में शहर में आयोजित किड्स फेस्टिवल, आंगनवाडी सेफ्टी ऑडिट, व्यवहार आधारित अध्ययन, चाइल्ड सेफ्टी गाइडलाइन जैसे दस्तावेजों पर ग्लोबल टीम ने अपने सुझाव दिए।

इस दौरान बर्नार्ड वेन लीयर फाउंडेशन से ग्लोबल टीम सदस्यों के अतिरिक्त अमित उपाध्याय, अखिलेश टाक मौजूद रहे, वहीँ परियोजना संचालन टीम से पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, युगल टाक, अब्बास किकाली, ओम एवं राहुल राठी उपस्थित रहे। इस दौरान पैरेंट्स+ टीम भी उपस्थित रही। ग्लोबल टीम को धन्यवाद ज्ञापन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव एवं पैरेंट्स+ टीम से सुरभि यादव द्वारा दिया गया।